देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 162 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...
सांप्रदायिक कहलाने का डर



देहरादून, रविवार, 27 सितंबर 2020

# पेज थ्री



मौसम अधिकतम 31.0° न्यूनतम 21.0°



37244.59

2 डब्ल्यूएचो ने फिर किया चीन का बचाव

7 धोनी पर उठ रहे है अब सवाल

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने अपनी नई टीम का किया एलान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शनिवार को अपनी नई टीम की घोषणा की। भाजपा की राष्ट्रीय टीम में छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह, राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया, झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुबर दास और पश्चिम बंगाल में भाजपा के चर्चित चेहरे मुकुल रॉय को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के तौर पर बड़ी जिम्मेदारी मिली है। बिहार जहां आगामी विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं वहां से सांसद राधा मोहन सिंह को भी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जैसी बड़ी जिम्मेदारी मिली है।

### कृष्ण जन्मभूमि का विवाद पहुंचा कोर्ट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मथुरा। अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के बीच मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि का मामला कोर्ट में पहुंच गया है। जन्मभूमि परिसर को लेकर मथुरा की कोर्ट में एक सिविल मुकदमा दायर किया गया है। इसमें 13.37 एकड़ पर दावा करते हुए स्वामित्व मांगा है और शाही मस्जिद ईदगाह को हटाने की मांग की गई है। भगवान श्रीकृष्ण विराजमान की सखा रंजना अग्निहोत्री की तरफ से सुप्रीम कोर्ट के वकील विष्णु शंकर जैन ने याचिका दायर की है।

### दिशा सालियान को बेडरूम में टॉर्चर किया गया थाः आठवले

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने सनसनीखेज दावा करते हुए कहा कि दिशा सालियान को 8 जून की रात उनके मास्टर बेडरूम में टॉर्चर किया गया था। इसी के साथ उन्होंने दिशा सालियान केस की सीबीआई जांच की मांग की। आठवले ने सुशांत सिंह राजपूत की मौत के केस में सीबीआई को जल्द से जल्द जांच पूरा करने के लिए कहा। केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने कहा, हमने सुना है कि सुशांत सिंह राजपूत की मैनेजर दिशा सालियान को 8 जून की रात उनके घर में पार्टी के दौरान मास्टर बेडरूम में टॉर्चर किया गया था। इसलिए सीबीआई को दिशा की मौत की भी जांच करनी चाहिए।

# यूएन में बदलाव की जरूरत

## संयुक्त राष्ट्र महासभा की 75वीं वर्षगांठ पर बोले पीएम मोदी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री मोदी संयुक्त राष्ट्र महासभा के 75वें सत्र को ऑनलाइन संबोधित कर रहे हैं। कोरोना संकट के चलते संयुक्त राष्ट्र महासभा का आयोजन ऑनलाइन किया जा रहा है। यह संबोधन पहले ही रिकॉर्ड किया जा चुका है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र की प्रतिक्रियाओं में बदलाव, व्यवस्थाओं में बदलाव, स्वरूप में बदलाव, आज समय की मांग है। भारत के लोग संयुक्त राष्ट्र के reforms को लेकर जो Process चल रहा है, उसके पूरा होने का लंबे समय से इंतजार कर रहे हैं। भारत के लोग चिंतित हैं कि क्या ये प्रक्रिया कभी सहफ़ बंस मदक तक पहुंच पाएगा। आखिर कब तक भारत को संयुक्त राष्ट्र के decision making structure से अलग रखा जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की

**▪आज हमारे सामने नई चुनौतियां हैंः पीएम मोदी**

सांस्कृतिक धरोहर, संस्कार, हजारों वर्षों के अनुभव, हमेशा विकासशील देशों को ताकत देंगे। बीते कुछ वर्षों में, रिफॉर्म परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के मंत्र के साथ भारत ने करोड़ों भारतीयों के जीवन में बड़े बदलाव लाने का काम किया है। ये अनुभव, विश्व के बहुत से देशों के लिए उतने ही उपयोगी हैं, जितने हमारे लिए। सिर्फ 4–5 साल में 400 मिलियन से ज्यादा लोगों को बैंकिंग सिस्टम से जोड़ना आसान नहीं था। लेकिन भारत ने ये करके दिखाया। सिर्फ 4–5 साल में 600 मिलियन लोगों को खुले में शौच से मुक्त करना आसान नहीं था। लेकिन भारत ने ये करके दिखाया। पीएम मोदी ने कहा कि हम पूरे विश्व को एक परिवार मानते हैं। यह हमारी संस्कृति, संस्कार और सोच का हिस्सा है। संयुक्त राष्ट्र में भी भारत ने हमेशा विश्व कल्याण को ही प्राथमिकता दी है। भारत जब किसी से दोस्ती का हाथ बढ़ाता है, तो वो किसी तीसरे देश के खिलाफ नहीं होती। भारत जब विकास की साझेदारी मजबूत करता है, तो उसके पीछे किसी साथी देश को मजबूर करने की सोच नहीं होती। महामारी के इस मुश्किल समय में भी भारत के दवा उद्योग ने 150 से अधिक देशों को जरूरी दवाइयां भेजीं हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि एक ऐसा देश, जो दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, एक ऐसा देश, जहां विश्व की 18 प्रतिशत से ज्यादा जनसंख्या रहती है, एक ऐसा देश, जहां सैकड़ों भाषाएं हैं, सैकड़ों बोलियां हैं, अनेकों पंथ हैं, अनेकों विचारधाराएं हैं। जिस देश ने वर्षों तक वैश्विक अर्थव्यवस्था का नेतृत्व करने और वर्षों की गुलामी, दोनों को जिया है, जिस देश में हो रहे परिवर्तनों का प्रभाव दुनिया के बहुत बड़े हिस्से पर पड़ता है, उस देश को आखिर कब तक इंतजार करना पड़ेगा?

**कोरोना वैक्सीन पर दिया बड़ा आश्वासन**

प्रधानमंत्री ने कहा कि विश्व के सबसे बड़े वैक्सीन उत्पादक देश के तौर पर आज मैं वैश्विक समुदाय को एक और आश्वासन देना चाहता हूं। भारत की वैक्सीन के उत्पादन और उसकी आपूर्ति क्षमता पूरी मानवता को इस संकट से बाहर निकालने के लिए काम आएगी। विश्व के सब से बड़े लोकतंत्र होने की प्रतिष्ठा और इसके अनुभव को हम विश्व हित के लिए उपयोग करेंगे। हमारा मार्ग जनकल्याण से जगकल्याण का है। भारत की आवाज हमेशा शांति, सुरक्षा, और समृद्धि के लिए उठेगी। भारत की आवाज मानवता, मानव जाति और मानवीय मूल्यों के दुश्मन– आतंकवाद, अवैध हथियारों की तस्करी, ड्रग्स, मनी लाउंडरिंग के खिलाफ उठेगी।

**अनेकों युद्ध हुए, अनेकों गृहयुद्ध भी हुए**

प्रधानमंत्री ने कहा कि ये बात सही है कि कहने को तो तीसरा विश्व युद्ध नहीं हुआ लेकिन इस बात को नकार नहीं सकते कि अनेकों युद्ध हुए, अनेकों गृहयुद्ध भी हुए। कितने ही आतंकी हमलों ने खून की नदियां बहती रहीं। इन युद्धों में, इन हमलों में, जो मारे गए, वो हमारी–आपकी तरह इंसान ही थे।

# कोरोना मामले 59 लाख पार 48 लाख से ज्यादा ठीक हुए

## 24 घंटों में सामने आए कोरोना के 85 हजार से ज्यादा केस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस संक्रमण के 85,362 नए मामले सामने आए हैं। अब संक्रमित लोगों की कुल संख्या 59 लाख के पार चली गई है। इसी दौरान 93,420 लोगों के ठीक होने के बाद रिकवर्ड मरीजों की संख्या 48 लाख से ज्यादा हो चुकी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से शनिवार सुबह जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, देश में संक्रमण के कुल मामले 59,03,932 हो गए हैं। पिछले 24 घंटे में 1,089 और लोगों की मौत के बाद मृतक संख्या बढ़कर 93,379 हो गई। देश में अभी तक 48,49,584 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं। देश में लोगों के संक्रमण मुक्त होने की दर (रिकवरी रेट) 82.14 प्रतिशत हो गई है। कोविड–19 से रोगियों की मृत्यु दर (डेथ रेट) 1.58 प्रतिशत है। मंत्रालय के अनुसार, देश में अभी 9,60,969 मरीजों का इलाज जारी है, जो कुल मामलों का 16.28 प्रतिशत हैं। पिछले 24 घंटों में जिन लोगों की मौत हुई है, उनमें से महाराष्ट्र में 416, कर्नाटक में 86, उत्तर प्रदेश में 84, तमिलनाडु में 72, पंजाब में 68, पश्चिम बंगाल में 59, आंध्र प्रदेश में 48, मध्य प्रदेश में 30, छत्तीसगढ़ में 25 और दिल्ली में 24 लोगों की मौत हुई।

**इन राज्यों में सबसे ज्यादा मौतें**

देश में संक्रमण से अब तक कुल 93,379 लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें से महाराष्ट्र में 34,761, तमिलनाडु में 9,148, कर्नाटक में 8,417, आंध्र प्रदेश में 5,606, उत्तर प्रदेश में 5,450, दिल्ली में 5,147, पश्चिम बंगाल में 4,665, गुजरात में 3,393, पंजाब में 3,134 और मध्य प्रदेश से 2,152 लोगों की मौत हुई।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि संक्रमण से मरने वाले 70 प्रतिशत से अधिक मरीज दूसरी बीमारियों से भी पीड़ित थे। मंत्रालय ने अपनी वेबसाइट पर कहा, हमारे आंकड़ों का मिलान आईसीएमआर से किया जा रहा है।

**13 लाख नमूनों की हुई जांच**



भारत में कोविड–19 के मामले सात अगस्त को 20 लाख के पार, 23 अगस्त को 30 लाख के पार, पांच सितम्बर को 40 लाख के पार और 16 सितम्बर को 50 लाख के पार चले गए थे। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के अनुसार, देश में 25 सितम्बर तक कुल 7,02,69,975 नमूनों की जांच की गई, इनमें से 13,41,535 नमूनों की जांच शुक्रवार को की गई।

# दीपिका,सारा और श्रद्धा ने ड्रग्स लेने से किया इनकार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई। ड्रग केस में शनिवार का दिन काफी अहम रहा। बॉलिवुड ऐक्ट्रेस दीपिका पादुकोण, सारा अली खान और श्रद्धा कपूर आज एनसीबी के ऑफिस पहुंची थीं। पूछताछ में दीपिका, सारा श्रद्धा तीनों ने ड्रग्स के इस्तेमाल से इनकार कर दिया। दीपिका पादुकोण से करीब साढ़े पांच घंटे पूछताछ चली इसके बाद वह वहां घर चली गईं। गोवा से लौटने के बाद वह रणवीर के साथ होटल में रुकी थीं। वहीं एनसीबी ने धर्मा प्रॉडक्शन के क्षितिज प्रसाद को गिरफ्तार कर लिया है। क्षितिज से 24 घंटे पूछताछ चली और ड्रग्स की खरीद–फरोख्त में उनकी संलिप्तता पाई गई है।

एनसीबी बीते कई दिनों से बॉलिवुड से जुड़े तमाम लोगों से पूछताछ कर रही है। एनसीबी अगले 3 दिनों में DG को रिपोर्ट सौंप सकती है। बता दें कि एनसीबी ने बॉलिवुड की ड्रग चौट सामने आने के बाद दीपिका पादुकोण, सारा अली खान, रकुलप्रीत सिंह और श्रद्धा कपूर से पूछताछ की। इससे पहले रिया चक्रवर्ती से पूछताछ की और वह इस समय जेल में है।

रिपोर्ट के मुताबिक, श्रद्धा कपूर ने कहा कि वह एक बार सुशांत के फार्महाउस में उनकी फिल्म छिछोरे की सक्सेस पार्टी के लिए गई थीं, लेकिन उन्होंने ड्रग्स का सेवन नहीं किया। उन्होंने ड्रग्स की सभी बातों को खारिज कर दिया लेकिन उन्होंने माना कि पार्टी में ड्रिंक्स सर्व की जाती थी। एनसीबी की पूछताछ के दौरान सारा अली खान ने ड्रग्स लेने से इनकार किया। वहीं, फार्महाउस जाने की बात कुबूल की। उन्होंने कहा कि सिर्फ सिगरेट पी थी। सारा ने कहा कि केदारनाथ की शूटिंग के दौरान सुशांत के साथ सिर्फ सिगरेट पी थी। इसके अलावा सारा ने सारे आरोप खारिज कर दिए हैं।

**ड्रग केस**

▪NCB अगले 3 दिनों में DG को सौंपेगी रिपोर्ट!

▪क्षितिज रवि प्रसाद की गिरफ्तारी

*Are you Planning to make a Website or already have ?*
*If yes, then we are here to serve you*
What we do
**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# घाटी में साल की शुरुआत में थे 300 आतंकी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

श्रीनगर। जम्मू–कश्मीर में इस साल पुलिस और सेना मिलकर लगातार एनकाउंटर में आतंकियों का सफाया कर रही है। दहशतगर्दों के खिलाफ ऑपरेशन में मिल रही सफलता के बाद अब घाटी में आतंकियों की गिनती कम होती जा रही है। अब कश्मीर में 170 से 200 के बीच ही आतंकी बचे हैं। इनमें से 40 पाकिस्तान के हैं। सबसे अधिक हिजबुल और लश्कर के आतंकी हैं। जैश के आतंकियों की संख्या में लगातार गिरावट आ रही है क्योंकि सीमा पार से घुसपैठ नहीं हो पा रही है। ऐसे में सीमा पार ट्रेनिंग लेकर बैठे हुए जैश के आतंकी इस तरफ नहीं आ पा रहे।

जानकारी के अनुसार, कश्मीर में सभी सुरक्षा एजेंसियों की तरफ से मिलकर ऑपरेशन ऑलआउट शुरू किया गया है। इसमें सभी दस जिलों में पुलिस के साथ सेना और सीआरपीएफ मिलकर काम कर रही हैं। सुरक्षाबलों को स्थानीय लोगों का भी पूरा सहयोग मिल रहा है। इससे आतंकियों की जानकारी बाहर आ जाती है। इसके अलावा युवाओं को आतंकवाद के रास्ते पर जाने से रोका जा रहा है।

**ऑपरेशन ऑलआउट के बाद अब रह गए 170–200**